आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल इंडियन ऑयल के नए बार्ज, एमटी आइरिस का उद्घाटन किया।
- राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत कृषि विभाग द्वीपसमूह में 'जल संसाधनों का सृजन' योजना लागू कर रही है।
- मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त ने 'संपर्क से समाधान – प्रशासन गांव की ओर' के तहत बाराटांग द्वीप के विभिन्न स्थानों का दौरा किया।
- अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वीपों में जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित कर रहा है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल इंडियन ऑयल के नए बार्ज, एमटी आइरिस का उद्घाटन किया। इस बार्ज की तैनाती से, अब पेट्रोलियम उत्पादों को बैरल के बजाय भारी मात्रा में ले जाया जा सकेगा, जिससे मैन्युअल हैंडलिंग में कमी आएगी। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि यह पहल दूर–दराज के द्वीपों में अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय ऑल–वेदर ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे आवश्यक सेवाओं के सुचारू संचालन को बनाए रखने और द्वीपवासियों के दैनिक जीवन को समर्थन देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में अंडमान निकोबार कमान के वाइस एडमिरल विनीत मैक्कार्टी, इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक जितेंद्र कुमार, अधिकारी और जनता उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र के कार्यकारी निदेशक जितेंद्र कुमार ने सचिव प्रवेश रंजन झा के साथ कल उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से लोक निवास में शिष्टाचार मुलाकात की।

बैठक के दौरान, द्वीपसमूह में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए चार नए जहाजों की व्यवस्था करने, एलपीजी वितरण प्रणाली को मजबूत करने, और 90 दिनों तक की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एलपीजी भंडारण क्षमता को बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा के स्वराज द्वीप के दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से द्वीपवासी पहचान पत्र के नवीनीकरण और अद्यतन के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट ने शिविरों का दौरा किया, ताकि व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा सके। शिविरों के अलावा, बुजुर्ग व्यक्तियों, दिव्यांगजनों और बिस्तर पर पड़े मरीजों की सहायता के लिए घर–घर जाकर सेवा दी गई। दो दिवसीय शिविरों के दौरान कुल 1,102 द्वीपवासी पहचान पत्र अपडेट किए गए।

<><><><><><><>

'एकीकृत बागवानी विकास मिशन' के राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत द्वीप समूह में सामुदायिक आधारित सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए, हाई वैल्यू एग्रीकल्चर डेवलपमेंट एजेंसी वर्ष 2026–27 'जल संसाधनों का सृजन' योजना को लागू कर रही है। इस योजना के तहत बागवानी फसलों की सिंचाई सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक तालाबों, कृषि पोखरों, जलाशयों के निर्माण हेतु प्लास्टिक और आरसीसी लाइनिंग के माध्यम से 75 प्रतिशत की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। द्वीपसमूह के लिए अधिकतम 30,000 क्यूबिक मीटर क्षमता हेतु 100 रूपये प्रति क्यूबिक मीटर की दर से 30.00 लाख रूपये प्रति यूनिट की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इच्छुक समुदाय और किसान फॉर्म प्राप्त करने और सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए अपने संबंधित कृषि विभाग के जोनल अधिकारियों और विस्तार कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृषि निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा 'संपर्क से समाधान – प्रशासन गांव की ओर' के तहत बाराटांग द्वीप के विभिन्न स्थानों का दौरा किया।

अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान उन्होंने सार्वजनिक सुविधाओं की समीक्षा, विकास कार्यों की प्रगति का आकलन और स्थानीय निवासियों की समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष आर. अलगर स्वामी, सहायक आयुक्त, रंगत दीपांशु वोहरा और संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के दौरे के दौरान, जिला उपायुक्त ने दवाओं की उपलब्धता और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दवाओं की समय पर खरीद और पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिशासी अभियंता को डायलिसिस यूनिट के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश भी दिया। उपायुक्त ने सड़क विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लागू प्रक्रियाओं के अनुसार वन विभाग से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित समस्याओं को जिला योजना समिति की बैठक में उठाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर कल प्रदर्शनी मैदान में कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित प्रथम 'डांडिया महोत्सव' में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और माँ दुर्गा के नौ दिव्य रूपों की पूजा–अर्चना की। कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की अध्यक्षा वसंता, दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष पी. उमर, जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, विभिन्न विभागों के सचिव और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे ।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी प्रभाग द्वीपों में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित करने और जल संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। अभियान के तहत विभाग ने प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से, दैनिक जीवन में पानी बचाने, अनावश्यक बर्बादी को रोकने, वर्षा जल संचयन प्रथाओं को अपनाने और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला।

द्वीपों में सीमित वर्षा को देखते हुए, विभाग ने आम जनता से पानी का किफायती उपयोग करने और इसकी अनावश्यक बर्बादी से बचने की अपील की है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर चोरी के एक मामले को सुलझाते हुए सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई संपत्ति भी बरामद कर ली है। पुलिस ने जनता से भी अवैध गतिविधि की सूचना 100 या 112 पर अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन में देने की अपील की है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा कल इंडियन ऑयल के नए ईंधन परिवहन पोत का लोकार्पण किए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने उप–राज्यपाल के प्रथम डांडिया महोत्सव में शामिल होने के समाचार को भी सचित्र छापा है। इंफो इंडिया ने उपराज्यपाल द्वारा काला पत्थर समुद्र तट का निरीक्षण कर सफाई अभियान में भाग लेने के समाचार को, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने फरारगंज में पोषण माह के समापन कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अपने भीतर के पृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><>